FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट दिनांक 04-09-2024 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद

- **थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का किया गया सफल अनावरण।**
- **अभियुक्ता द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर की गयी थी पति की हत्या।**
- **थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता व प्रेमी किये गये गिरफ्तार।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नगला बरी चौराहा से आगे सर्विस रोड पेट्रोल पम्प के पास से अभियुक्ता 1. हीना (काल्पनिक नाम) 2. सलमान वेग पुत्र हनीफ वेग निवासी गली नं0 4, 60 फुटा रोड नगला बरी थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभि0गण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है।

घटना का विवरण --

दिनांक 03.09.2024 को वादी ताजुद्दीन पुत्र श्री स्वः रियाजुद्दीन निवासी 5/6 शीलत खाँ थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद के द्वारा सूचना दी की मेरे भाई रजीउद्दीन की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व हीना (काल्पनिक नाम) थाना रामगढ फिरोजाबाद के साथ हुई थी मेरे भाई की पत्नी के सलमान वेग पुत्र हनीफ वेग निवासी गली नं0 4, 60 फुटा रोड नगला बरी थाना रामगढ के साथ करीव 2 वर्ष पहले से अवैध सम्बंध थे मेरे भाई ने इसके सम्बंध के बारे में कई बार मुझे बताया भी था मेरा भाई इसका विरोध करता था मेरे भाई को मेरी भाभी हीना ने अपने प्रेमी सलमान उपरोक्त के साथ मिलकर दिनांक 30/31/08/2024 , को घर में हत्या कर मेरे भाई को नहर में डाल दिया था जिसका शव सिरसागंज नहर में मिला था मैने अपने भाई के शव को मुर्दा घर मे जाकर पहचान लिया था वादी की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0स0 531/2024 धारा 103(1)/238/61(1)(क) बीएनएस पंजीकृत किया गया था जिसके सफल अनवारण के क्रम में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद फिरोजाबाद द्वारा टीमे गठित की गयी।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. हीना (काल्पनिक नाम) थाना रामगढ फिरोजाबाद ।
2. सलमान वेग पुत्र हनीफ वेग निवासी गली नं0 4, 60 फुटा रोड नगला बरी थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।

गिरफ्तार का दिनांक व स्थान --- दिनांक 04.09.2024, नगला बरी चौराहा से आगे सर्विस रोड पेट्रोल पम्प के पास से थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. घटना में प्रयुक्त नीद की गोली 1 पत्ता alprax 0.5 ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह चौहान थाना रामगढ फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 मोहम्मद अकरम थाना रामगढ फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
4. म0उ0नि0 रजनी वर्मा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 यूटी दिवेश कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 यूटी विकास कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ।
7. हे0का0 737 राजकुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
8. हे0का0 343 योगेश कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 256 खजान सिंह थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।